'पूर्व सरपंच के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया तो जनआंदोलन किया जाएगा'

टोंक/निवाई, (निसं)। पूर्व सरपंच हनुमान मीणा के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं करने पर आक्रोशित सर्व समाज की आमसभा का आयोजन हुआ। बुधवार को पहाड़ी तिराहे पर आयोजित सर्व समाज की आमसभा में सांसद डॉ. करोडीलाल मीणा ने शिरकत की।

इस अवसर पर मीणा ने कहा कि पूर्व सरपंच हनुमान मीणा की एफएसएल की रिपोर्ट आने पर जानकारी मिली कि उसकी मौत जहर के कारण हुई है। पुलिस हत्यारों को नहीं

■ **पहाड़ी तिराहे हुई सर्व समाज की आमसभा में राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी मीणा ने की घोषणा**

पकड़ रही है जिससे पुलिस की कार्यशैली पर संदेह है। सांसद मीणा ने कहा कि पुलिस हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो एक विशाल जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में राज्य में कानून व्यवस्था पूरी चौपट हो चुकी है। आये दिन लूट, डकैती, बलात्कार और हत्याएं की घटनाएं हो रहीं हैं। लेकिन

सर्वसमाज की आम सभा को राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने संबोधित किया।

राज्य सरकार आरोपियों को पकड़ने में विफल रही है। सांसद मीणा ने कहा कि पूर्व सरपंच हनुमान के हत्यारों को पकड़ने के लिए सर्व समाज लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगा। हत्यारों को सजा दिलवाकर परिजनों को न्याय दिलवाया जाएगा।

आम सभा के बाद सांसद डॉ.मीणा सैंकडों लोगों के साथ टोंक के लिए रवाना हो गए। जहां मीणा के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर करीब एक घंटे तक नारे लगाए और प्रदर्शन किया। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी को ज्ञापन देकर हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने पर टोंक में 10 अक्टूबर को जनआंदोलन करने की चेतावनी दी गई।

इस मौके पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, पूर्व विधायक कमल बैरवा, प्रधान रामवतार लांगडी, पूर्व प्रधान चन्द्रकला गुर्जर, भाजपा नेता सतीश चंदेल, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा जयसिंहपुरा, छोटू महाराज झिलाय, दीपक संगत, पूर्व प्रधान शीला मीणा, सहित हनुमान हनोतिया के परिवारजन व सैकडो निवाई क्षेत्र के लोग चौपहिया व दुपहिया वाहनों पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए निवाई से टोंक में रैली के रुप में प्रदर्शन करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।

यादव समाज की 195 प्रतिभाएं सम्मानित

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के भगतपुरा मौहल्ले में स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में बुधवार को यादव उत्थान समिति द्वारा वाल क्षेत्र यादव समाज का 5वां प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि युवा प्रान्तीय यादव महासभा अध्यक्ष महेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि में डॉ.इन्द्रदेव यादव, रामनिवास यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष रामेश्वरदयाल यादव, सरपंच अमिता यादव आदि अतिथियों का समिति की ओर से स्मृति चिन्ह देकर एवं साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महेंद्र यादव ने समाज के लोगों व प्रतिभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। ऐसे सम्मान समारोह के आयोजनों से समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति अध्यक्ष अर्जुनलाल यादव ने कार्यक्रम में आये समाज के प्रबुद्धजन एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर समाज के कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये । सम्मान समारोह में समिति द्वारा समाज के नवनियुक्त सरकारी कर्मचारी, कक्षा 10, 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक व स्नातक, बीएड, नेट सलेक्ट, बीटेक आदि में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली समाज की 195 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पायलट के जन्मदिन पर 1100 पौधे लगाये

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट के जन्मदिन पर पौधारोपण किया।

टोंक, (निसं)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, उज्जवल भविष्य की मनोकामनाओं के साथ उनके 45वें जन्मदिन के अवसर पर राजीव गांधी विधि महाविद्यालय टोंक, यशमोहन महाविद्यालय सोहेला, बरोनी पंचायत में लगभग 1100 पौधों का रोपण कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी टोंक के निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता के नेतृत्व में किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जर्रार खांन ने बताया कि इस अवसर पर शिवजी राम मीणा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह मुकुल, जहूरूद्दीन टोडा, हंसराज चौधरी गाता, शंकर दादिया, मोहन मीणा, दामोदर चांवला, शाकिर खांन, प्रमोद, मोहन मीणा, भरत अवाना, रामनिवास दायल, रामप्रसाद, अजमल देवपुरा, देवनारायण गुर्जर के अलावा बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकत्ता द्वारा अलग-अलग क्षेत्र वृक्षारोपण के कार्यक्रम में पौधारोपण किया। वहीं रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष अकबर खान ने रात्रि 12.1 मिनट पर बस स्टैंड पर भव्य आतिशबाजी कर लोगों का मुंह मीठा कराया। इस मौके प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खांन, पटेल भोजा राम गुर्जर, खुर्शीद खान, अजीज उल्लाह शिरानी, अबरार अहमद, उपाध्यक्ष आसिफ खान, आशीष, रामस्वरूप चौधरी, रामधन गुर्जर आदि मौजूद थे।

नेत्र रोगियों का उपचार किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग से नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के सौजन्य से बुधवार को भामाशाह ठेकेदार प्रभुदयाल कुमावत के आर्थिक सहयोग से स्व. चौधरी नाथु राम भामू रोटरी भवन में किया गया। शिविर में आखों की मोतियाबिंद की 74 मरीजों की जांच करते हुए 28 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन के लिए का चयन किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित लाभार्थियो का ऑपरेशन जयपुर स्थित शंकरा आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क किया जाएगा जांच तथा मोतियाबिंद के लेंस प्रत्यारोपण एवं जयपुर आने और आने से सम्बंधित सभी सुविधाएं नि:शुल्क दी जाएगी।

आम सूचना मेरे मुवक्किल श्री मोहम्मद अकरम पुत्र श्री अब्दुल हफीज आयु 47 वर्ष जाति मुसलमान निवासी मकान नम्बर 829 मौहल्ला इमाम चौक, बांस बदनपुरा जयपुर के पुत्र मोहम्मद अमान उर्फ शब्बू जो कि अपनी मर्जी मुताबिक अपनी जिन्दगी बसर कर रहा है तथा वह मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं रहता है तथा अपनी ही मर्जी के सारे काम करता है इसलिये मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। सभी को आम सूचना दी जाती है कि कोई भी मेरे पुत्र से कोई संव्यवहार करेगा तो उसके लिये मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर/दिनांक रिजवान खान (एडवोकेट) मो.9929935527

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हम अशोक कुमार जौहरी पुत्र श्री रामवतार जौहरी, उम्र 62 साल एवं शकुन्तला जौहरी पत्नी अशोक कुमार जौहरी उम्र 60 साल निवासीयान डी-6 लाल बहादुर नगर केसर मार्ग मालवीय नगर जयपुर दोनों वरिष्ठ नागरिक वृद्ध हैं तथा हमारे तीन पुत्र 1. मनमोहन जोहरी, 2. सोहन जोहरी, 3. नवरतन जोहरी एवं एक पुत्री हंसा बामलवा है पुत्री की शादी होने के बाद अपनी ससुराल में रहती है। तथा हमारे उक्त तीनों पुत्र उक्त मकान में जो अपनी अपनी मंजिल में अलग अलग रहते है तथा अपने परिवार को पालते है तथा हमने तीनों पुत्रों को अपनी सहमति से अलग किया है हमने इस संबंध में दिनांक 9.3.21 की पारिवारिक समझौता भी लिखा है। जिसमें सभी शर्ते लिखी है। अतः अगर इन तीनों में ही कोई भी पुत्र पुत्रवधु कोई आपराधिक घटना घटित करते है तो उसमें हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है।
अशोक कुमार जौहरी व श्रीमती शकुन्तला जौहरी मो. नंबर-9828113656

पौधारोपण किया

कोटपूतली, (निसं)। एलबीएस पीजी महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष अतुल खारडिया द्वारा अपने जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्रो. सुरेश यादव, अशोक कुमार चौहान, राजपाल सिरोहीवाल आदि मौजूद रहे।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

विधायक ने सड़कों का शिलान्यास किया

विधायक इंद्राज गुर्जर व चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने 8 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया।

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल की अध्यक्षता में फीता काट कर 8 करोड की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर एवं कच्ची सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। मेरा प्रयास है कि मैं विराटनगर के प्रत्येक ग्राम पंचायत के साथ-साथ गांव व ढाणियों को आपस में सड़कों के माध्यम से जोड सकूं। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गो के लोगों तक पहुंचे। इसके लिए लोगों की मदद करता रहता हूं।

इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा, एम एम ग्रुप निदेशक मनोज मित्तल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, बीएल आर्य, विनोद यादव, पप्पू स्वामी, राजेश यादव, शिभूदयाल हाडिया, चौबा ला सरपंच प्रतिनिधि राजू धनकड, मेड सरपंच प्रतिनिधि मनोज रातावाल, मनोज अग्रवाल सहित कांग्रेस जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

निष्पक्ष जांच की मांग

दौसा, (निसं)। गत 30 जुलाई को खान भांकरी की पहाड़ी की तलहटी में एक युवक के क्षत विक्षिप्त शव मिलने के बाद गुस्साये परिजनों ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया तथा पुलिस ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये न्याय की गुहार लगाई।

करौली जिले के लादया की ढाणी

■ **भांकरी की पहाड़ी की तलहटी में क्षत विक्षिप्त शव मिलने का मामला**

लालसर निवासी मृतक के भाई सुभाष गुर्जर ने अज्ञात लोगों पर हत्या का अंदेशा जताते हुए कहा उसका भाई करतार सिंह दौसा के गणेश नगर में रहता था। वह हर शनिवार को खान भांकरी की पहाड़ी पर स्थित बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए जाता था। 30 जुलाई को सुबह 11 बजे बाइक लेकर बालाजी के दर्शनों को निकला था। घर से निकलने के 10 घंटे बाद युवक का शव बालाजी की पहाड़ी की तलहटी में लहूलुहान हालत में मिला। पहाड़ी की तलहटी में शव पडें होने की सूचना पर सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। इस संबंध में परिजनों ने हत्या का अंदेशा जताते हुए सदर थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था।

एक दिवसीय शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता

पावटा, (निसं)। पावटा प्रधान पूजा चौधरी के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के खेल मैदान में ग्राम पंचायत सरपंचों व पंचायत समिति सदस्यों व जिला पार्षदों के संयुक्त तत्वावधान में चल रही एक दिवसीय सद्भावना शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन पावटा प्रधान पूजा चौधरी व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी की अध्यक्षता व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शाहपुरा राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

■ **भांकरी, चौबाला, खेलना, जोधपुरा टीम विजय रही**

पावटा प्रधान पूजा चौधरी व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, मुख्य अतिथि राव राजेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, पावटा सरपंच संघ अध्यक्ष प्रह्लाद माठ, नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, पावटा पूर्व सरपंच व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, सरपंच मदन यादव, सरपंच श्रवन सिंह, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहरसिंह धनकड, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री चंद्र प्रकाश गौड, दिनेश शर्मा, एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कन्हैयालाल मीणा, एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, कोटपुतली पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन सुरेश गिठाला, शिवपाल राठी, सरपंच कैलाश स्वामी, महेश लंबोरा, काशीराम लंबोरा, जीएल यादव, पार्षद विजय गुप्ता, पार्षद मोटु गढवाल, जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया, महामंत्री मुखराम धनकड, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, रोहिताश ताखर, कृष्ण ओला, मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह, प्रकाश राठी, विरेंद्र राठी, हिमांशु गौड, राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री चंद्र प्रकाश गौड ने विजेता टीम के सभी खिलाडियों को माला पहनाकर स्वागत किया। पावटा प्रधान पूजा चौधरी द्वारा आयोजित शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर भांकरी टीम, द्वितीय स्थान पर चौबाला की टीम, तृतीय स्थान पर खेलना टीम, चतुर्थ स्थान पर जोधपुरा टीम को घोषित नकद इनाम व स्मृति चिन्ह के रूप में ट्रॉफी देकर समानित किया गया।

सीवरेज के लिए स्वीकृति जारी

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे में जल्द ही सीवरेज लाइन निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने बुधवार को कोटपूतली शहर में सीवरेज लाइन निर्माण हेतु 196 करोड़ 14 लाख रूपयों की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

इस राशि से जयपुर दिल्ली हाइवे के पूर्व दिशा में स्थित पुराने शहर में सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि शहर में जल भराव की समस्या को लेकर 27 साल पहले वर्ष 1996 में नगर पालिका प्रशासन ने पहली बार सीवरेज के लिए प्रस्ताव लिया था। क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा एवं गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव की अनुशंषा पर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 21 मार्च 2022 के बजट भाषण में कोटपूतली शहर में सीवरेज लाईन डलवाने की घोषणा की थी। जिसकी अनुपालना में स्वायत्त शासन विभाग ने शहर में बनने वाली सीवरेज लाईन के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजीव कुमार पुत्र श्री राम लाल, निवासी लेगों का बास, ग्राम उंचारडा खुर्द, तहसील मेडतासिटी, जिला नागौर राजस्थान राज्य ने प्लाट नम्बर 78, कनक वृन्दावन, ग्राम दहमी कलां, तहसील सांगानेर जिला जयपुर, क्षेत्रफल 130.20 वर्गगज को खरीद कर लिया है एवं उक्त प्लाट के मूल दस्तावेजात की शृंखला में से दिनांक 16.02.2009 का विक्रय पत्र लिखा हुआ, जिसका पंजीयन क्रमांक 2009399000584 व दिनांक 16/2/2009 का विक्रय पत्र लिखा हुआ, जिसका पंजीयन क्रमांक 2013399003032 है, कहीं गुम हो गई है, यदि किसी व्यक्ति का उक्त सम्पत्ति में उत्तराधिकार, विक्रय, रहन, लीज, दान व अन्य किसी प्रकार से अधिकार या हक हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सात दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त सम्पत्ति पर रहन कर लिया जायेगा व उसके पश्चात किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा तथा ना ही मेरे मुवक्किल AADHAR HOUSING FINANCE LIMITED पर बाध्यकारी होगा। भुवनेश जैन, एडवोकेट, मो. 9828025372

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rrajasthan.gov.in
Phone No. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/1595 दिनांक-07.09.2022
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा फ्लैट संख्या डिबलयूसी/ए-303 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 40.480 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती परमेश्वरी पत्नी श्री हिंगलाल रॉय को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5355 दिनांक 22.03.2019 को जारी किया गया। इसके पश्चात श्रीमती परमेश्वरी द्वारा श्री राजेश जैन पुत्र श्री नेमीचन्द जैन को मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त कर दिया गया। मुख्तारनामा आम धारक द्वारा उक्त फ्लैट का भौतिक कब्जा दिनांक 08.05.2019 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 718 दिनांक 07.11.2019 को श्री नेमीचन्द जैन पुत्र श्री भागीरथ जैन के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 05.12.2019 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री नेमी चन्द जैन की मृत्यु दिनांक 14.06.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती कुलकुल कँवर जैन पत्नी स्व. श्री नेमी चन्द जैन ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्रीमती कुलकुल कँवर जैन पत्नी स्व. श्री नेमी चन्द जैन के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त फ्लैट का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती कुलकुल कँवर जैन पत्नी स्व. श्री नेमी चन्द जैन के पक्ष में उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी
श्रीमती प्रेम देवी जांगिड
(सामरिया) धर्मपत्नी स्व. श्री भंवर लाल शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 06.09.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 08.09.2022 को सांय 4:00 से 5:00 बजे तक श्री चित्रगुप्त ट्रस्ट, जयपुर, पंचायती बगीची, माथुर कायस्थान, कल्याण जी का रास्ता इंदिरा बाजार, जयपुर पर होगी।
शोकाकुल- राजेश, राकेश, श्याम सुंदर (पुत्र), प्रथम (पौत्र), प्रमोद, अशोक, महेश, अजय (जेढूता) एवं समस्त सामरिया परिवार।
मो.नं.9928157811, 9414390287



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है मेरी प्यारी बहू
नैना देवी
(पत्नी श्री हीरानंद करमचंदानी) का स्वर्गवास हो गया। तीये की बैठक 8.9.2022 गुरुवार को सायं 5.00 बजे (जनाना मर्दाना) झूलेलाल मंदिर कंवर नगर जयपुर पर होगी।
शोकाकुल- जेठीबाई धर्मपत्नी (स्व. श्री खेमचंद) (सास), अर्जुनदास, जवाहरलाल, सुखदेव, प्रह्लादराय, (जेठ), सविता (पुत्री), नीलम- हेमन्त भाला, (पुत्री- दामाद), अमृतलाल, श्यामलाल, धर्मेंद्र, राम, सागर, आकाश (भतीजे) समस्त करमचंदानी परिवार। फर्मः- सुख सागर, सहेली, सचिन टैक्स, लॉर्ड्स, सुरेश एल.आई.सी. ऐजेंट, सहेली डिजाइनर, सहेली क्रिएशन 9829179784

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी प्यारी बहू
नैना देवी
(पत्नी श्री हीरानंद करमचंदानी) का स्वर्गवास 6.9.2022 को हो गया। तीये की बैठक 8.9.2022 गुरुवार को सायं 5.00 बजे (जनाना मर्दाना) झूलेलाल मंदिर कंवर नगर जयपुर पर होगी।
शोकाकुल- जेठीबाई धर्मपत्नी (स्वर्गीय श्री खेमचंद) (सास), हीरानंद (पति), मोहनदास, नोतनदास, किशोरकुमार, बूलचंद, हरिराम (जेठ), नंदलाल, गोपालदास (देवर) समस्त करमचंदानी परिवार। फर्मः- मोहन सिल्क स्टोर, पिंकी प्रिंट, कृष्णा स्टोर, कुंदोमल खानचंद, न्यू बाम्बे टैक्सटाइल, ओम श्री ट्रेडर्स, के.के. सन्स, कृष्णा प्रिंट्स, तरंग 9829179784

टीसी दिलाने की गुहार

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। बहरोड़ तहसील में निजी स्कूल संचालक विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपखण्ड अधिकारी से टीसी दिलाने की गुहार लगाते संदीप कुमार निवासी तलवाड़ ने बताया कि पुत्र धर्मेंद्र यादव पिछले साल से यूनिक स्कूल बहरोड़ में पढ़ रहा था। 12वीं कक्षा में अन्य स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए स्कूल प्रबंधक से टीसी काटने की कही गई तो स्कूल प्रबंधक ने टीसी देने से मना कर दिया।

अभिभावक संदीप यादव ने बताया कि स्कूल के संचालक द्वारा टीसी नहीं देने के बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बहरोड शशि कपूर के पास लिखित में शिकायत दी थी जिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

हार थक कर वह 7 सितंबर को बहरोड उपखंड अधिकारी सचिन यादव के कार्यालय में पहुंचा तथा उपखंड अधिकारी बहरोड़ से उक्त संगीन मामले में अपने बच्चे के शिक्षा से वंचित रह जाने के मामले में कक्षा 12 के बोर्ड प्रवेश फार्म की अंतिम तिथि होने के वजह से टीसी दिलाने की गुहार लगाई। जिसको उपखंड अधिकारी बहरोड कार्यालय से अगले दिन संबंधित मामले की छानबीन कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। प्रार्थी ने बताया कि गरीब आदमी है मजदूरी का कार्य करता है अपनी खेती बाडी से काम चलाता है। यूनिक स्कूल संचालक सुमित द्वारा टीसी नहीं देने से अभिभावक के बच्चे का साल खराब हो जाएगा।

कलेक्टर को दवाई भेंट की

टोंक, (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद विकार खान द्वारा राजस्थान में गायों में फैल रही लंपी बीमारी से बचाव के लिए की 27000 गोलियां जिला कलेक्टर टोंक को जिला पशु विभाग में वितरण हेतु निशुल्क भेंट की गई।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद विकार खान बताया कि दवाइयां राजकीय पशु चिकित्सालय जिला टोंक में 10000 गोलियां, गांधी गौशाला टोंक में 13500 गोलियां, आजाद गोशाला छान में 5000 गोलियां, निवाई की गोशालाओं में वितरण हेतु भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया को 11000 गोलियां एवं विभिन्न गौशालाओं हेतु 3500 गोलियां निशुल्क भेंट की जा चुकी हैं।

अब तक कुल 70000 गोलियां नि:शुल्क वितरित की जा चुकी है। कार्यालय जिला कलेक्टर में दवाई भेंट करने में साथ में शहर अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अब्दुल रज्जाक, आई टी संयोजक शहर मंडल दानिश अहमद, अरशद खान व मेहर अली मौजूद रहे ।

आम सूचना मेरी अभिभाष्या श्रीमती मधुदेवी पत्नि रंजीत सिंह 2, भुवनेश्वरी वाटिका ने महावीर स्वामी गृह नि.सह. स. द्वारा रमेश चन्द नरेडी को आवंटित प्लाट सं. 7 लक्ष्मी विहार-ए, मीनावाला जयपुर को क्रय करने का करार रमेश चन्द नरेडी से किया है। यदि इस संव्यवहार से किसी दीगर व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना की तिथि से 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करें। (शशांक मधुर)
दिनाक-8.9.2022 एडवोकेट, मो.9828334959

आम सूचना हर आम को सूचित किया जाता है कि भूमि खसरा नं.-1811, 1823, 1825, 1977, 2004/4552 रकबा 2.02 हैक्टेयर स्थित ग्राम खोनागोरियान तहसील सांगानेर, जिला जयपुर मेरे अभिभाष्य अब्दुल रसीद, अब्दुल मजीद, अब्दुल वहीद, अब्दुल सत्तार, जाकिर खान, शाकिर खान, गुलाब मोहम्मद, नवाब अली, मोहम्मद शरीफ, सलीमुद्दीन, शहजाद खान की शामलाती खातेदारी भूमि है, जिसे मेरे अभिभाष्यगण ने किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से हस्तान्तरित नहीं किया है, कुछ लोग फर्जी बेचाननामा बताकर फर्जी आवंटन पत्र के जरिये प्लॉट विक्रय कर रहे है। अतः जो कोई भी उक्त भूमि में प्लाट क्रय करेगा वह व्यक्तिशः उत्तरदायी होगा। सूचित रहे।
जयपुर (हनुमान सहाय शर्मा) एडवोकेट
दिनाक-7.9.22 मो.नं. 9460146450

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्लाट नम्बर 16, जयसिंह नगर दिल्ली बाईपास जयपुर कुल क्षेत्रफल 216.66 वर्गगज का एक मात्र मालिक मोहम्मद अकील पुत्र मोहम्मद वजीर है। प्लाट के समस्त मूल दस्तावेजात भी मोहम्मद अकील के कब्जे में है। किसी अन्य से कोई भी उक्त प्लाट नहीं खरीदे। मोहम्मद अकील स्वयं उक्त प्लाट विक्रय कर रहा है, किसी को आपत्ती हो तो तीन दिन में बतायें। अन्यथा आपत्ती मान्य नहीं होगी।
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनाक मो. 8824515124

न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय क्रम सं. 1 हिण्डौन सिटी
पीठासीन अधिकारी श्री सीताराम मीना आर.एच.जे.एस. DP 638/25.7.22
राजेश कुमार 17/22 बनाम हरखास आम वगै.
प्रार्थना-पत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र
नोटिस हरखास आम
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेश कुमार पुत्र स्व. हरिचरण आयु 40 साल, जाति महाजन, निवासी प्रधान डाकघर के पास, हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज.) ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर मृतक पिता श्री हरिचरण, जाति महाजन, निवासी केशवपुरा, हिण्डौन सिटी के यूको बैंक शाखा हिण्डौन सिटी में कुबेर योजना जमा स्कीम के तहत चार सावधि जमा खाते क्रमशः 26020310008799 राशि 1,00,000/- खाता सं. 26020310008805 राशि 34,500/-, खाता सं. 26020310008812 राशि 1,38,000/- एवं खाता सं. 26020310015575 राशि 17,713/- तथा करंट खाता संख्या में जमा राशि 9,70,920.61/- कुल राशि 12,61,133.61/- को प्राप्त करने हेतु माननीय न्यायालय में प्रार्थनापत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त करने प्रार्थनापत्र पेश किया है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थनापत्र को स्वीकार किये जाने में आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक 23.9.22 को समय 10 ए.एम. को असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना-पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 25.7.22 को जारी किया गया।
(मुहर) सीनियर रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-1 हिण्डौन सिटी जिला करौली

कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की अस्थि कलश यात्रा मालपुरा पहुंची

मालपुरा, (निसं)। गुर्जर आरक्षण आंदोलन के संरक्षक व एमबीसी समाज के मसीहा स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रदेशभर में निकाली जा रही अस्थि कलश यात्रा का काफिला बुधवार को मालपुरा पहुंचा। दूदू से मालपुरा पहुंचे अस्थि कलश व उनके

■ **सर्व समाज के हजारों महिला-पुरूषों ने किया नमन**

काफिले का दूदू रोड बहरिया बालाजी के पास मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के गुर्जर समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत कर कर्नल बैंसला को नमन किया।

हजारों लोगों की भीड़ के साथ अस्थि कलश यात्रा शहर के डेयरी चौराहा, व्यास सर्किल, नवीन मंडी, सुभार्ष सर्किल, बस स्टैण्ड से होते हुए अजमेर रोड गुर्जर छात्रावास पहुंच विशाल श्रद्धांजली सभा में तब्दील हुई। अस्थि कलश का शहर में पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, विप्र

कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की अस्थि कलश यात्रा का मालपुरा में सर्व समाज के लोगों ने स्वागत कर श्रद्धांजली दी।

फाउण्डेशन तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, प्रवक्ता मणिशंकर सहित सर्व समाज के महिला-पुरूषों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

गुर्जर समाज की हजारों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर राजस्थानी गीतों की डीजे की धुनों पर नाचत-गाते तो युवाओं ने भी जमकर आतिशबाजी करते हुए बैंसला अमर रहे के जयघोष लगाये। छात्रावास मे आयोजित श्रद्धांजली सभा में स्व. बैंसला के पुत्र व अस्थि कलश यात्रा संयोजक विजय बैंसला ने मौजूद गुर्जर समाज के महिला-पुरूषों से समाज में शिक्षा की अलख जगाने व सामाजिक कुरीतियों को त्याग शिक्षा के साथ-साथ खेल व राजनैतिक क्षेत्र मे भी स्व. बैंसला द्वारा समाज को दिलाये गये आरक्षण का पुरजोर लाभ लेने की अपील की। आरक्षण समिति के जिलाध्यक्ष बच्छराज गुर्जर, डुंगरी सरपंच शंकर भडाना, डीआर छोगालाल गुर्जर, नन्दलाल डोई, गोपाल गुर्जर सहित हजारों की संख्या में मौजूद गुर्जर सरदारों ने कर्नल बैंसला को गुर्जर समाज का मसीहा बता इनके बताये मार्ग एवं समाज में जगाई शिक्षा की अलख को गति देने की अपील की।

चिकित्सा मंत्री से प्रतिनिधिमंडल मिला

लालसोट, (निसं)। क्षेत्र में लंपी महामारी के गौवंश में व्यापक रूप से फैलने से चिन्तित होकर एक प्रतिनिधि मंडल गौशाला सेवा समिति सवासा के मंत्री एडवोकेट सुरेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा से उनके जयपुर आवास पर मिला।

गौ सेवा समिति सवासा के मंत्री सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया ग्राम पंचायत सवासा सहित लालसोट क्षेत्र में इस बीमारी का भारी प्रकोप है और प्रशासन व पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार प्रयास करने के बाद भी उक्त बीमारी मे रुकावट नहीं आ रही है। मंत्री मीणा को दिए ज्ञापन में अवगत कराते हुए बताया कि पशुओं को देने के लिए दवाओं की किल्लत बनी हुयी है। यदि इस बीमारी पर शीघ्र काबू इस नहीं किया गया तो सडकों पर घूमने वाली गायों की भारी संख्या में मृत्यु हो सकती है।

पर्यूषण पर्व जारी

फुलेरा, (निसं)। श्री आदिनाथ जिनालय परिसर में लगातार जारी पर्यूषण महापर्व के पावन अवसर पर ब्रह्मचारिणी मधु दीदी के सानिध्य में धर्मसभा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजा, श्री दशलक्षण मण्डल विधान की पूजा बडे धूमधाम से की जा रही है।

खोया पाया
मेरा फाईल फोल्डर जिसमें Suncity Project Pvt. Ltd. की एक असल रसीद नं. 0217, 26.05.2012, 1,56,000/- की खो गई है। कृपया किसी को मिले तो संपर्क करें- दीप्ति शेखर-9414071350

मेरे भूखण्ड संख्या-8 सुन्दर विहार बदनपुरा (फकीरों की डूंगरी) गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर का साईट प्लान कहीं खो गया है मिलने पर संपर्क करें-विजय लक्ष्मी शर्मा मो.8385966499

नाम परिवर्तन
मैं SUB हनुमान सिंह तंवर TJ006189Y निवासी ए-75, गणेश नगर-8 विस्तार निवारू झोटवाडा, मैंने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती आशा तंवर की जन्म दिनांक 1.1.1977 सभी आर्मी रिकार्ड में दर्ज करवाई है अतः भविष्य में यह जानी जाये।

मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश Purwa Choudhary दर्ज हो गया। जबकि सही नाम Purva Choudhary है। भविष्य में नाम से जाना जावें। आर्मी नं. 15667473P रैंक-हवलदार रामेश्वर लाल पूनिया पुत्र मेघा राम, यूनिट 3COSR C/o 99 APO पता-गांव श्यामपुरा, पो.अ. बालसमन्द तहसील लाडनुं, नागौर (राज.)

विवाद्यकों का स्थिरीकरण के लिए सम्मन
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर सीकर
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
मुरली वगै. बनाम रामेश्वर वगै.
वादपत्र अन्तर्गत आदेश 07 नियम 1 सी.पी.सी.
दावा बाबत उद्घोषणा बंटवारा स्थाई निषेधाज्ञा एवं रिकॉर्ड दुरूस्ती
वाद पत्र सं. 137/2020
बनाम 1. रामेश्वर 2. सागर 3. शैतान पुत्रगण श्री जीवनराम 4. माली देवी बेवा जीवनराम 5. राजू देवी पुत्री जीवनराम 6. नोलाराम 7. बनवारी 8. बंशी 9. बिरबल 10. रामचन्द्र 11. रामुराम पुत्रगण श्री चीमाराम 12. मंगली बेवा श्री चीमाराम 13. रिछपाल पुत्र श्री बल्लूराम समस्त जाति जाट निवासीगण ग्राम रतनपुरा तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राज0 14. मैनेजर बैंक बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्राममीण बैंक शाखा नाथूसर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान 15. पटवारी पटवार हल्का नाथूसर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान 16. तहसीलदार श्रीमाधोपुर जिला सीकर (राज0) 17. उपपंजीयक श्रीधोपुर जिला सीकर राजस्थान
वादीगण ने आपके विरूद्ध वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 12 माह 09 सन् 2022 को दिन में 10.00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 24 माह 08 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
(मोहर) उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर